<u>समाचार</u>

<u>तेलगू समाज द्वारा आयोजित उगादी पर्व में शामिल हुई महापौर</u>

<u>(भगवान श्रीबालाजी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया)</u>



कोरबा 09 अप्रैल 2016–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल रामपुर कोरबा में स्थित भगवान श्रीबालाजी मंदिर में आयोजित उगादी पर्व कार्यक्रम में शामिल हुई, उन्होने भगवान श्रीबालाजी की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व नागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना की।

हिन्दू नववर्ष के अवसर पर तेलगू समाज कोरबा द्वारा रामपुर में स्थित भगवान श्रीबालाजी मंदिर प्रांगण में उगादी पर्व का आयोजन किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर अपनी उपस्थिति देते हुए कार्यक्रम में शामिल हुई, उन्होने भगवान श्रीबालाजी की पूजा अर्चना की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर श्रीबालाजी मंदिर के पुजारी के द्वारा नये वर्ष के पंचाग तथा सम्पूर्ण एक वर्ष में 12 राशियों के राशिफल की विस्तृत जानकारी श्रद्धालुओं को दी। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने भी पंचांग की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं समाज के लोगों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल का शाल व श्रीफ ल भेंटकर उनका स्वागत किया, इस मौके पर महापौर ने नागरिकों को हिन्दू नववर्ष की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। महापौर श्रीमती अग्रवाल के साथ समाज सेविका मंगल बुधिया, आशा बुधिया एवं पुष्पा अग्रवाल आदि ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।